>

Title: Need to set up Trauma Centres on National Highways particularly on NH No. 23 and NH No. 75 in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): आज देश के सभी राजमार्गों पर आये दिन सड़क दुर्घटनायें बढ़ रही हैं। अधिकांश मामलों में दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सही समय पर उपचार न मिल जाने के कारण मृत्यु हो जाती है। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार द्वारा राजमार्गों पर ट्रामा सेंटर बनाये जाने की आवश्यकता है। झारखंड राज्य से होकर गुजरने वाले सभी राजमार्गों पर ट्रामा सेंटर बनाये जाने संबंधी प्रस्ताव झारखंड सरकार द्वारा भारत सरकार को भेजा गया है। उस प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही की जरूरत है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाने एन.एच. 23 और 75 पर भी ट्रामा सेंटर बनाने का प्रस्ताव का ब्यौरा प्रदान करें।

उपरोक्त राजमार्गों पर बढ़ते यातायात के कारण दुर्घटनाओं मे भी वृद्धि हुई है। अतः आपसे मेरा आग्रह है कि इन दोनों जिलों के अंतर्गत राजमार्गों पर ट्रामा सेंटर अविलंब स्थापित करने के आदेश जारी किए जायें। जिससे कि यहां होकर गुजरने वाले लोगों को सुविधा हो सके।